राजस्थान सरकार
मंत्रिमण्डल सचिवालय

क्रमांकः पं.12(1)मं.मं./2002 जयपुर, दिनांकः 07.04.2021

समस्त विशिष्ठ सहायक
माननीय मंत्रिगण/राज्य मंत्रिगण।

:परिपत्रः

विषयः— राज्य मंत्रिपरिषद् के सदस्यगण द्वारा जयपुर से बाहर यात्रा के संबंध में।

राज्य मंत्रिपरिषद् के सदस्यगण द्वारा जयपुर से बाहर यात्रा के संबंध में मंत्रिमण्डल सचिवालय द्वारा पूर्व में जारी दिशा—निर्देशों एवं समसंख्यक परिपत्र दिनांक 06.09.2019 के क्रम में माननीय मंत्रिगण/राज्य मंत्रिगण के विशिष्ठ सहायक को पुनः निर्देशित किया जाता है कि माननीय मंत्रिगण/राज्य मंत्रिगण के यात्रा/दौरे पर जाने की सूचना/यात्रा कार्यक्रम मंत्रिमण्डल सचिवालय को व्यक्तिशः एवं ई—मेल (srdscabinet@gmail.com) पर नियमित रुप से प्रातः 11.00 बजे तक आवश्यक रूप से भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त संबंध में सूचना समय पर दिया जाना संबंधित विशिष्ठ सहायक की व्यक्तिशः जिम्मेदारी होगी। उक्त निर्देशों की कठोरता से पालना सुनिश्चित की जावे।

7/4/2021
(दिनेश कुमार यादव)
शासन सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है—
1. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री।
2. संयुक्त सचिव (जीबी), माननीय मुख्यमंत्री।
3. प्रोग्रामर, कम्प्यूटर सेल, सामान्य प्रशासन विभाग।
4. रक्षित पत्रावली।

7/4/2021
शासन सचिव